एक नजर में

राजस्व कार्य तय समय में होंगे, शिकायतों का होगा त्वरित समाधान

सैलाना। तहसील क्षेत्र में राजस्व से जुड़े सभी कार्य तय समय सीमा में पूरे किए जाएंगे। सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई में आई शिकायतों का त्वरित निराकरण होगा। यह बात नवागत तहसीलदार कुलभूषण शर्मा ने कही। उन्होंने बताया कि नामांतरण, बंटवारा और रास्ते के विवाद जैसे कार्य प्राथमिकता से पूरे किए जाएंगे। इससे किसानों और आम लोगों को बार-बार तहसील कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। शर्मा ने कहा कि ऐसे किसान जिनकी फार्मर रजिस्ट्री केवाईसी नहीं हुई है, उनकी केवाईसी प्राथमिकता से करवाई जाएगी। ताकि पात्र किसानों को प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना का पूरा लाभ मिल सके।

गोद ली कन्या की फीस भर किया सम्मान

रतलाम। बुधवार कोइनर व्हील क्लब ऑफ रतलाम सिल्वर का इंस्टालेशन मल्टी क्लब्स की प्रेसिडेंट श्रीमती निविता गंगवाल और मुख्य अतिथि डॉ दर्शना जैन प्रोफेसर मेडिकल कॉलेज रतलाम के सानिध्य में हुआ। श्रीमती ज्योति चौधरी को अध्यक्ष रंजना कौशल को सेक्रेटरी, आईए सो प्रमिला चोपड़ा, एडिटर निशि सक्सेना को बनाया गया। गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत कर लक्की ड्रा गेम और आभार से कार्यक्रम का समापन हुआ। रतलाम सिल्वर द्वारा गोद ली गई कन्या का इस वर्ष भी फीस भर कर बालिका का सम्मान किया गया। उक्त कार्यक्रम की शोभा में सुदर्शन, संगिनी उमंग की पास्ट प्रेसिडेंट संगीता काटेड, गोल्ड की प्रेसिडेंट अनीता खिमेसरा, अनीता कोठारी, सुनीता डांगी, और क्लब के सदस्य फाइंडर सेक्रेटरी कल्पना जैन, संगीता पगारिया, शीतल गढ़िया, किरण जैन आदि सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन फाउंडर प्रेसिडेंट सरोज जैन ने किया तथा आभार प्रमिला चौपड़ा ने माना।

दिव्यांगजन एवं वृद्धजन नागरिकों हेतु निःशुल्क सहायक उपकरण चिन्हांकन शिविर 21 से

रतलाम। जिला प्रशासन सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग रतलाम एवं भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम उज्जैन के आपसी सहयोग से एडिप योजना अंतर्गत कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण तथा वृद्धजनों को सहायक उपकरण जैसे बैटरी वाली साइकिल, सामान्य ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, एम आर किट, नकली दांत चश्मा आदि उपकरणों के चिन्हांकन प्रदाय किए जाने हेतु परीक्षण शिविरों का आयोजन 21 जुलाई से 26 जुलाई 2025 तक प्रातः 11 बजे से किया जा रहा है। शिविर 21 जुलाई को जनपद पंचायत आलोट में, 22 जुलाई को जनपद पंचायत जावरा में, 23 जुलाई को जनपद पंचायत पिपलौदा में, 24 जुलाई को जनपद पंचायत सैलाना में, 25 जुलाई को जनपद पंचायत रतलाम में एवं 26 जुलाई को जनपद पंचायत बाजना में आयोजित होगा। उपकरण चिन्हांकन शिविर में संबंधित दिव्यांग आय प्रमाण पत्र/ यू डी आई डी कार्ड, समग्र आईडी, आधार कार्ड एवं पासपोर्ट आकार के दो फोटो लाना अनिवार्य है। शिविर में केवल वह हितग्राही ही पात्र होंगे जिन्होंने गत तीन वित्तीय वर्षों में किसी भी अन्य स्रोत से निःशुल्क कोई भी उपकरण प्राप्त नहीं किया हो।

दुर्घटनाग्रस्त मरीज को स्वास्थ्य लाभ मिला

रतलाम। सिविल सर्जन डॉ एम एस सागर ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त मरीज को आवश्यक सर्जरी के उपरांत उपचार कर स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया है। हाट रोड रतलाम निवासी मरीज अशफाक पिता हबीब खान उम्र 35 वर्ष का दिनांक 8 जुलाई को रात्रि 9:30 बजे तितरी मथुरी रोड पर पर एक्सीडेंट हुआ था, जिन्हें पुलिस द्वारा नजदीकी प्राइवेट अस्पताल मे प्रारंभिक इलाज के लिए भर्ती करवाया गया था।. मरीज होश में नहीं था। उनको चेहरे और सिर में गंभीर चोट आई थी। बाद में परिजनों द्वारा दूसरे प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया, परन्तु वहां भी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ, एक दिन बाद परिजनों ने मरीज को जिला चिकित्सालय रतलाम में भर्ती करवाया । सर्जिकल स्पेशलिस्ट डॉ. बी एल तापड़िया के द्वारा उनका इलाज किया गया ।. मेल सर्जिकल वार्ड में मरीज का इलाज डॉ बी एल तापड़िया के कुशल नेतृत्व मे, समस्त मेल सर्जिकल वार्ड के नर्सिंग स्टाफ द्वारा की गई स्वास्थ्य और चिकित्सा देखभाल से आज दिनांक 18 जुलाई 2025 को स्वस्थ होने पर उन्हें डिस्चार्ज किया गया। मरीज के परिजनों के द्वारा डॉ तापड़िया एवं समस्त मेल सर्जिकल वार्ड के नर्सिंग स्टाफ आभार व्यक्त किया गया।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ 2025 में बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई

रतलाम। उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना 2025 अंतर्गत मध्यप्रदेश शासन द्वारा अधिसूचित क्षेत्र की अधिसूचित फसलों पर ऋणी/अऋणी/कालातीत (डिफॉल्टर) कृषकों की फसलों का बीमा कराने हेतु अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 है। जिन कृषकों के द्वारा किसी भी बैंक से केसीसी लोन नहीं लिया है वह कृषक अपना आवेदन भरकर आधार कार्ड, बचत बैंक पासबुक एवं बही(पावती) की छायाप्रति, बुवाई प्रमाण-पत्र, मोबाइल नंबर, फार्मर आईडी एवं खरीफ हेतु निर्धारित बीमित राशि का 2 प्रतिशत प्रति हेक्टर प्रीमियम के साथ (खरीफ सीजन हेतु सोयाबीन की 1040 रुपए प्रति हेक्टेयर, मक्का 800 रूपए प्रति हेक्टेयर एवं कपास फसल की कीमत राशि का 5 प्रतिशत हेक्टर प्रीमियम 3150 रुपए) जमा कर फसल बीमा करवाए। आवेदन संबंधित राष्ट्रीयकृत बैंक/जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित या निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर में जमा करा कर फसल बीमा का लाभ प्राप्त कर सकते है।

पेट्रोल पंप की जांच : डिस्पेंसिंग पंप का पुन : सत्यापन एवं मुद्राकंन नहीं , प्रकरण दर्ज

नवभारत न्यूज

रतलाम। नाप-तौल विभाग द्वारा पेट्रोल एवं डीजल पंपों की लगातार जांच की जा रही हैं। टीम को जांच जिले के एक पेट्रोल पंप पर अनियमितता मिली। यहां डिस्पेंसिंग पंप का पुनः सत्यापन एवं मुद्राकन नहीं करा गया। इस पर टीम ने कार्रवाई करते हुए प्रकरण दर्ज किया हैं।

नाप-तौल विभाग द्वारा पेट्रोल एवं डीजल पंपों की जांच

लगभग एक पखवाड़े पूर्व प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के काफिले की गाड़ियों में पानी युक्त पेट्रोल भरने से वाहन के बंद होने बाद से जिले के पेट्रोल पंपों की जांच शुरू हुई हैं।

कलेक्टर राजेश बाथम एवं नियंत्रक नाप-तौल म.प्र. भोपाल द्वारा दिए गए पेट्रोल एवं डीजल संस्थानों के निरीक्षण करने के आदेश के पालन में निरीक्षक/प्रभारी सहायक नियंत्रक नाप-तौल विभाग भारत भूषण द्वारा

रतलाम जिले के पेट्रोल एवं डीजल संस्थानों का निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। संस्थान मेसर्स अंबिका बॉयोंफ्यूल, ग्राम धामनोंद, बासबाड़ा रोड, जिला रतलाम म.प्र. पर जांच की गई। जांच में संस्थान पर स्थित एक डिस्पेंसिंग पंप दो नोजल युक्त स्थित पाया गया।

उक्त डिस्पेंसिंग पंप को नियमानुसार समयावधि में पुनः सत्यापन एवं मुद्राकंन नहीं कराना पाया गया, जो विधिक माप विज्ञान अधिनियम 2009 की धारा 24/33 सहपठित मध्य प्रदेश विधिक माप विज्ञान नियम 2011 क नियम 13 (6)/21 और 19(8)/21 का उल्लंघन और दण्डिनिय होने से अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया है। भविष्य जांच निरंतर जारी रहेगी।

प्रदाय मात्रा और पेट्रोल-डीजल में पानी की जांच

टीम द्वारा संस्थानों पर स्थित पेट्रोल एंव डीजल पंपों से प्रदाय हो रहे पेट्रोल एवं डीजल की मात्रा का परिक्षण किया गया। परिक्षण में प्रदाय मात्रा नियमानुसार सही प्रदाय होना पाई गई। साथ ही संस्थानों के बैलनाकार भूमिगत भण्डारण टैंकों में भरे डीजल एवं पेट्रोल में पानी होने की भी जांच की गई जिसमें टैंकों में पानी की मात्रा होना नहीं पाया गया। इसी तारतम्य में

सायबर फ्रॉड में संलिप्त 3400 मोबाइल नंबर्स को पुलिस ने करवाए ब्लॉक

नवभारत न्यूज

रतलाम। पुलिस सायबर फ्रॉड को रोकने को लेकर विभिन्न प्रयास कर रही हैं। इसी अभियान के तहत पुलिस ने 3 हजार 400 मोबाइल नम्बर्स को ब्लॉक कराया गया हैं। वहीं अब तक ऐसे 7 हजार 900 नम्बर को पुलिस ब्लॉक कर चुकी हैं।

अब तक सायबर फ्रॉड से जुड़े 7900 नंबर्स किए जा चुके ब्लॉक

सायबर फ्रॉडस्टर धोखाधडी करने के लिए फर्जी बैंक खाते एवं फर्जी मोबाइल नंबर्स का उपयोग करता है। ये सिम अलग अलग राज्यों से लोगों को लालच देकर या फर्जी दस्तावेजों के आधार पर खरीदी जाती है, तथा इन्हें सायबर फ्रॉड करने वाले हॉटस्पॉट पर फ्राउडस्टर द्वारा उपयोग में लाई जाती है। इस प्रकार के नंबर्स की पहचान कर ब्लॉक करवाने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा के मार्गदर्शन में सायबर सेल टीम द्वारा ऐसे 3400 से अधिक मोबाइल नंबर्स जो सायबर फ्रॉड से संबंधित गतिविधियों में संलिप्त पाए गए है उन नंबर्स को चिह्नित कर के ब्लॉक करवाए गए। इन मोबाइल नंबर्स का फोर्डस्टर्स द्वारा उपयोग नहीं किया जा सकेगा। रतलाम पुलिस द्वारा अभी तक 7,900 फ्रॉड मोबाइल नंबर्स ब्लॉक कराए जा चुके है। उक्त कार्यवाही में प्र आर मनमोहन सिंह, प्र आर हिम्मत सिंह, आर विपुल भावसार, आर राहुल पाटीदार, आर मोर सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

त्वरित सहायता उपलब्ध करवाने हेल्पलाईन नम्बर

पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार द्वारा सायबर फ्रॉड के बढ़ते मामलों के दृष्टिगत पीड़ितों को त्वरित सहायता उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से सायबर हेल्पलाइन नंबर 7049127420 जारी किया गया है। हेल्पलाइन पर या सायबर सेल में प्राप्त होने वाली शिकायतों पर एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से कंप्लेन रजिस्टर कर फ्रॉडेन्ट अमाउंट को फ्रिज करवाने की कार्रवाई भी की जा रही है।

भजन संख्या में गूंजा खम्मा घणी, खम्मा घणी म्हारे खेतलाजी

नवभारत न्यूज

रतलाम। खम्मा घणी, खम्मा घणी म्हारे खेतलाजी ने खम्मा घणी, मेरे सिर पर रख दो खेतल अपने दोनों हाथ... जैसे श्री सोनाणा खेतलाजी के सुमधुर भजनों से पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया।

श्री सोनाणा खेतलाजी के भजनों से भक्तिमय हुआ पांडाल

श्री सोनाणा खेतलाजी भक्त मण्डल रतलाम के अंकित भटेवरा ने बताया कि श्री सोनाणा खेतलाजी के भक्त शांतिलाल लादाजी भंडारी की तेरहवीं पुण्यतिथि पर राजराजेंद्र भंडारी के पावन सानिध्य एक शाम श्री सोनाणा खेतलाजी के नाम भव्य भजन संध्या आयोजित हुई। भजन संध्या में भजन गायक कुलदीप ओझा (जोधपुर) ने खम्मा घणी, खम्मा घणी म्हारे खेतलाजी ने खम्मा घणी, मेरे सिर पर रख दो खेतल अपने दोनों हाथ, देना है तो दीजिए जनम-जनम का साथ, श्रीमती नीता नायक एण्ड पार्टी (जावाल राज.) ने भजनों की

प्रस्तुति दी। बाल कलाकार कृषिव बागरेचा ने भजन व नृत्य कलाकार डॉली डांसर द्वारा राजस्थान का सुप्रसिद्ध भवाई नृत्य प्रस्तुत किया गया। भजन संध्या में पं. दीपक शर्मा मुख्य पुजारी माँ ओसिया धाम, जोधपुर, मोहनलाल जवानमल सांकरिया, किशोर भंडारी अध्यक्ष श्री खेतल शांति भवन, सांगरवास, अध्यक्ष लेटा जैन श्रीसंघ, सुरेश केशरचंद तांतेड़ अध्यक्ष मध्यप्रदेश त्रिस्तुतिक जैन श्री संघ राजगढ़ जिला धार, पोपटलाल शांतिलाल सालेचा समाजसेवी उद्योगपति मुम्बई, नवीन कुमार सुरेश कुमार खाटेड मुम्बई का सम्मान भी किया गया।

भजन संध्या में मुंबई, हैदराबाद, राजस्थान सहित इंदौर, धार, रतलाम जिले आदि क्षेत्रों से बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। मंच का संचालन श्री प्रमोद परिहार (पाली) ने किया एवं अंत में श्री सोनाणा खेतलाजी भक्त मण्डल रतलाम ने पधारे सभी अतिथियों, भक्तों का सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया गया।

निगम कर वसूली को लेकर पूर्व विधायक की शिकायत,प्रमुख सचिव ने जारी किए निर्देश

रतलाम। नगर निगम रतलाम द्वारा जीआईएस सर्वे के आधार पर संपत्ति कर की वसूली में नियमों का पालन नहीं कर, भवन मालिकों से 5 गुना अवैध वसूली की जा रही है। पूर्व विधायक पारस सकलेचा की शिकायत पर प्रमुख सचिव ने नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही के आदेश दिए। सकलेचा ने प्रमुख सचिव को लिखे पत्र में कहा था कि नगर निगम रतलाम द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1956 की धारा 145 से 149 के उपबंधों का पालन नहीं करते हुए, संपत्ति कर की वसूली में गैर कानूनी प्रक्रिया अपनाई गई है। तथा भवन मालिकों से पांच गुना अवैध वसूली की जा रही है। श्री सकलेचा के पत्र पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्रालय द्वारा आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल और आयुक्त नगर निगम रतलाम को पत्र जारी कर निर्देश दिया हैं। पत्र में निर्देशित किया कि नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए की गई कार्रवाई से पूर्व विधायक एवं विभाग को अवगत करावे।

गलती को छुपाने जारी किया था विज्ञापन : श्री सकलेचा ने कहा की नगर निगम द्वारा अवैध वसूली में अपनी गलती को छुपाने के लिए समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी कर अधिनियम की धारा 145 से 149 को निरस्त होने का उल्लेख किया था। उसी को लेकर सकलेचा ने प्रमुख सचिव को शिकायत की थी कि नगर निगम मनमाने तरीके से नियमो की व्याख्या कर रहा है।

राशि वापस नहीं की तो कांग्रेस करेगी आंदोलन : शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया एवं नगर निगम में नेता प्रतीपक्ष शांतिलाल वर्मा ने कहा कि नगर निगम तत्काल अवैध वसूली बंद करे तथा जिन नागरिकों से 5 गुना अवैध वसूली की गई है, उसे वापस करें। चेतावनी दी कि नगर निगम ने आदेश का पालन नहीं करता है तो आंदोलन किया जाएगा। किया तो सड़कों पर आंदोलन करेंगे।

सिंहस्थ मीटिंग के दौरान डीआरएम की बिगड़ी तबियत

रतलाम। उज्जैन रेलवे स्टेशन पर सिंहस्थ की तैयारियों का जायजा लेने बुधवार पहुंचे रतलाम मंडल के डीआरएम अश्विनी कुमार की अचानक तबियत बिगड़ गई। उन्हें उज्जैन निजी अस्पताल ले जाया गया। उपचार के बाद जांच के लिए बॉम्बे हॉस्पिटल इंदौर में भर्ती कराया गया। जानकारी के मुताबिक पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक विवेक कुमार गुप्ता के साथ वीआईपी रूम में सिंहस्थ को लेकर प्रजेंटेशन चल रहा है। इस मौके पर सभी सीनियर अधिकारी सहित स्टाफ कर्मचारी भी मौजूद थे। सुबह करीब 11 बजे उन्हें अचानक चक्कर आया और कुछ समय के लिए वे अचेत हो गए। स्टाफ ने मालिश कर राहत देने के प्रयास किए। होश आने पर कुछ पल के लिए वे खुद को पहचान नहीं पा रहे थे। उन्हें तुरंत उज्जैन के अवंती अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के बाद इंदौर बॉम्बे हॉस्पिटल भर्ती किया गया।

पीएम श्री की 440 छात्राओं का किया स्वास्थ्य परीक्षण

रतलाम। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूली बच्चों का नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है, इस क्रम में बुधवार शापीएम श्री कन्या शिक्षा परिसर बिंबडोद पर शालेय स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत 440 छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। परीक्षण डॉ. किरण गोस्वामी आरबीएसके चिकित्सक, सेक्टर कनेरी सुपरवाइजर सुरेश पाठक, विनोद गहलोत, गुल्फशा बीसीएच ओ, एएनएम तथा बिबडोद की समस्त आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। परीक्षण में छात्राओं की सिकल सेल एनिमिया, हीमोग्लोबिन, तथा अन्य स्वास्थ्य जांच और परीक्षण किया गया तथा एनिमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आयरन फोलिक एसिड की गोलिया भी प्रदाय की गई। स्वास्थ्य परीक्षण में अन्य बिमारीयों की, जांच कर उपचार दिया। गम्भीर बिमारी से पीड़ित छात्राओं को रेफर किया गया। सेक्टर सुपरवाइजर द्वारा बालिकाओं की प्रति मंगलवार के मध्याह्न भोजन पश्चात आयरन की नीली गोलियां खिलाने हेतु बताया गया। स्कूल में ओआरएस कार्नर बनवाने हेतु समझाइश दी गई।

सैलाना में नहीं बंटी साइकिलें,जंग लगने का डर : पूर्व विधायक गेहलोत

नवभारत न्यूज

सैलाना। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 10 जुलाई को प्रदेशव्यापी साइकिल वितरण योजना की शुरुआत की थी। योजना के तहत 15 लाख से ज्यादा छात्रों को साइकिलें दी जानी हैं। लेकिन सैलाना विधानसभा क्षेत्र के स्कूलों में अब तक साइकिल वितरण शुरू नहीं हुआ है। इससे छात्र और अभिभावक नाराज हैं।

लम्बे समय से गोदामों में पड़ी है साईकिलें

पूर्व विधायक हर्षविजय गेहलोत ने बताया कि सायकल वितरण में देरी की वजह प्रशासनिक लापरवाही, आपूर्ति में बाधा और वितरण प्रक्रिया में सुस्ती है। कई स्कूलों के प्रधानाचार्यों ने बताया कि छात्रों का सत्यापन शिक्षा पोर्टल पर हो चुका है। फिर भी न साइकिलें पहुंचीं, न ही 2400 की राशि छात्रों के खातों में आई।

गहलोत ने बताया की बीते वर्षों में कई जिलों में जंग लगी, पंक्चर और टूटी चेन वाली साइकिलें बांटी गई थीं। ऐसी ही आशंका अब सैलाना में भी है। जानकारी मिली है कि कई साइकिलें लंबे समय से गोदामों में पड़ी हैं। इससे उनके खराब होने का खतरा बढ़ गया है।

स्कूल शिक्षा विभाग ने हाल ही में सभी जिलों को निर्देश दिए थे कि साइकिलों की गुणवत्ता से समझौता न हो। लेकिन जमीनी हालात इन निर्देशों के पालन पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

अक्टूबर 2024 में राज्य के कई हिस्सों में खराब साइकिलें बांटे जाने की शिकायतें दर्ज हुई थीं। तब अधिकारियों ने दोषपूर्ण साइकिलें बदलने का भरोसा दिया था। अगर सैलाना में भी वैसी ही स्थिति बनती है, तो यह साफ होगा कि पिछली गलतियों से कोई सबक नहीं लिया गया।

साइकिलें वितरित करे

स्थानीय सामाजिक संगठनों और अभिभावकों ने प्रशासन से मांग की है कि वितरण प्रक्रिया पारदर्शी हो। देरी के लिए जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई हो। छात्रों को जल्द अच्छी गुणवत्ता की साइकिलें दी जाएं।

एक नजर में — जैन पंचायती नोहरे पर आयोजित हुई धर्मसभा

तोल मोल के बोल, मौन सबसे बड़ा अस्त्र है : डॉ अमृतरसाश्रीजी

नवभारत न्यूज

जावरा। तोल मोल के बोल, मोन सबसे बड़ा अस्त्र है जहां तक हो हमे चुप रहना चाहिए बिना जरूरत के कभी बोलना नहीं चाहिए। निरर्थक बकवास कोई भी पसंद नहीं करता, हमे अपनी जीभ रूपी गर्ल फ्रेंड को काबू में रखना आना चाहिए। जीभ पर लगी चोट तो मिट सकती है किंतु जीभ से लगी चोट कभी नहीं मिटती। अपने मुंह से कही छोटी सी गलत बात भी कभी कभी महाभारत का रूप ले लेती है। शब्द हमे सबकी नजर में ऊंचा भी उठा सकते है और गिरा भी सकते है हमे सदैव ऐसी बोली बोलना चाहिए जो सब को मधुर लगे हमारी वाणी से किसी भी प्राणी मात्र को दुख पहुंचे हमे ऐसी वाणी का उपयोग नहीं करना चाहिए। शब्द ही ब्रह्म है। यह उद्गार साध्वी भगवंत डॉ अमृतरसाश्री मसा ने पंचायती नोहरे पर आयोजित धर्मसभा में व्यक्त किए। उन्होंने आगे कहा बिन जरूरी सुनने का कहने के साथ ये भी कहा कि बिन जरूरी खाना भी नहीं हमने अपने पेट को बिन जरूरी चीजों का उपयोग कर कचरे का डिब्बा बना लिया है। हमारा आहार संतुलित होना चाहिए। वैसे भी कहा गया है कि जैसा खाए अन्न वैसा होय मन, किसी भी चीज का स्वाद वो जब तक जीभ पर रहती तब तक ही अच्छा या बुरा लगता है उसके बाद तो कुछ भी नहीं, इस क्षणिक सुख के लिए हम पता नहीं कितनी अनावश्यक वस्तुओं का सेवन करते है। हम संसार रूपी दलदल में रहते है तो जीने के लिए पेट को भाड़ा तो देना ही पड़ता है। इस भाव से हमने खाया तो कोई बात नहीं लेकिन आसक्ति से चटकारे लेकर खाने पर हम पाप के भागी बनते है। उन्होंने जन और जैन में फर्क बताते हुए कहा कि इन दोनों शब्दों में केवल मात्रा का फर्क है किंतु हम इस बात को समझे कि हमे जैन कुल मिला है इसका अर्थ हम आमजन से ऊपर है और हमें उसी हिसाब से अपने जीवन को सार्थक करना है। रात्रि भोजन का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि हमे कभी भी रात्रि भोजन नहीं करना चाहिए। एक रात्रि भोजन से ही हमे असंख्य गुना पाप का भागी बनना पड़ता है। हम से तो पक्षी अच्छे जो सूर्यास्त के पश्चात अन्न का दाना भी नहीं चुगते, रात्रि भोजन नर्क का द्वार है। जमीकंद का उपयोग भी हमे नहीं करना चाहिए जमीकंद में असंख्य जीव होते है जिन्हें हम खुली आंखों से नहीं देख पाते हम जमीकंद को खाकर उन असंख्य जीवो की हत्या के भागी बनते है।

अभिमंत्रित कलश किए भेंट

श्रीसंघ मीडिया प्रभारी अरविंद जैन एवं अतुल सुराणा ने बताया कि बुधवार से प्रारंभ हुई सिद्धि तप तपस्या में 180 तपस्वियों ने अपनी सहभागिता दी। बुधवार सभी तपस्वियों को अभिमंत्रित कलश दिए गए। उनसे प्रेरणा लेकर आज 10 और तपस्वियों ने सिद्धितप करने की अपनी भावना साध्वीजी भगवंत के समक्ष प्रकट की। श्रीसंघ ने लाभार्थी परिवारों का बहुमान भी किया।

आज से होगा शिविर प्रारंभ, श्री जिनचन्द्रसूरी देंगे मार्गदर्शन

दस दिन बिना मोबाइल सिर्फ मोन रहकर सत्य साधना में रहकर करेंगे साधना

जावरा। जावरा नगर के लालखेड़ा रोड़ स्थित अम्बिका रिसॉर्ट में बीकानेर, नाल से पधारे जैनाचार्य जिनचंद्रसुरिजी मसा आदि के सानिध्य में आज 17 जुलाई से सत्य साधना ध्यान शिविर प्रारंभ होगा। इस शिविर में भाग लेने वाले शिविरार्थी आज दोपहर 1 बजे से रिसोर्ट पहुंचना शुरू होंगे। जहां साधकों को शिविर के नियम आदि से अवगत कराया जाएगा। इससे पूर्व पंजीयन आदि की प्रारंभिक कार्रवाई के

पश्चात संध्या 5 बजे से सत्र आरंभ होगा। जो रात्रि 8 बजे तक चलेगा। उसके पश्चात अल सुबह 4 बजे से शिविर प्रारंभ होकर रात्रि 8 बजे समापन होगा यही क्रम प्रतिदिन रहेगा। इस दौरान साधक को ध्यान साधना करने के साथ मौन व्रत का पालन सुनिश्चित करना होगा। शिविरार्थियों के और यह मोन 27 जुलाई को खुलने के पश्चात साधक साधिका संवाद कर सकेंगे।

28 जुलाई को प्रातः शिविर का समापन होगा।

मीडिया प्रभारी शिरीष सकलेचा ने बताया की मालवा क्षेत्र मे दूसरी बार यह जिप्सी कैंप लग रहा है। मालवा क्षेत्र के

एबीवीपी ने विद्यार्थी मंथन कार्यक्रम किया आयोजित

जावरा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 77 वे स्थापना दिवस के उपलक्ष में एबीवीपी इकाई ने जावरा पब्लिक स्कूल में विद्यार्थी मंथन कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ प्रकाश उपाध्याय, विशेष अतिथि पीयूष मूणत रहे। डॉ प्रकाश उपाध्याय ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में विद्यार्थियों की भूमिका पर अपनी बात रखी। एबीवीपी जिला संयोजक सत्यम दवे, नगर अध्यक्ष अशोक शर्मा, नगर मंत्री लविश चौरडिया, सहित अन्य एबीवीपी कार्यकर्ता एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

विधार्थी परिषद ने स्कूल में टॉप करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान भी किया।